No. of Printed Pages : 4

बी.एस.के.एफ.-001

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2019

02435

बी.एस.के.एफ.-001 : संस्कृत में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

1. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं ***चार*** को शुद्ध रूप में लिखिए : 2

नारायन, करिष्यामी, गच्छतू, वाकयम्, हितापदेश, नासति ।

(ख) कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से किसी ***एक*** को चुनते हुए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 2

(अ) न परिचयं _____ ।
(जानाति, रक्षति)

(ब) हितोपदेश: नीतिग्रन्थ: _____ ।
(अस्ति, नास्ति)

(स) _____ चलचित्रं द्रष्टुं गच्छाम: ।
(यूयम्, वयम्)

(द) भास: प्रसिद्ध: _____ अस्ति ।
(चित्रकार:, नाटककार:)

2. (क) निम्नलिखित शब्दों के निर्दिष्ट रूप लिखिए : 2

राजन् (पुंल्लिग) प्रथमा विभक्ति, बहुवचन

नदी (स्त्रीलिंग) षष्ठी विभक्ति, एकवचन

गुरु (पुंल्लिग) सप्तमी विभक्ति, द्विवचन

राम (पुंल्लिग) तृतीया विभक्ति, बहुवचन

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** धातुरूपों में धातु, लकार, पुरुष एवं वचन का निर्देश कीजिए : 2

भविष्यन्ति, अगच्छम्, नीयात, कथयति ।

3. निम्नलिखित पदों में धातु एवं प्रत्यय को अलग करके दिखाइए : 4

करणम्, नत्वा, गम्य, अभिलाषः ।

4. कर्तृवाच्य के निम्नलिखित पदों को कर्मवाच्य में परिवर्तित कीजिए : 4

(क) बालकः रामायणं पठति ।

(ख) रमा फलं खादति ।

(ग) लता ओदनं पचति ।

(घ) त्वं विद्यालयं गच्छसि ।

5. (क) निम्नलिखित पदों में सन्धि-विच्छेद कीजिए : 2

हिताहितम्, शामोऽगच्छत्, वागर्थ, जगदीशः ।

(ख) निम्नलिखित वर्णों के उच्चारण स्थान लिखिए : 2

क, इ, च, न ।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** विषयों पर लगभग 100 – 150 शब्दों में आलेख लिखिए : *8*

(क) कठोपनिषद्

(ख) चम्पूकाव्य

(ग) नाटक

(घ) सुश्रुत संहिता

7. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 300 शब्दों में संस्कृत भाषा में निबन्ध लिखिए : *8*

(क) महाभारतम्

(ख) भासः

(ग) शीलं परं भूषणम्

(घ) हितोपदेशः

8. निम्नलिखित पद्य को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4*

सार्थः प्रवसतो मित्रं भार्या मित्रं गृहे सतः ।
आतुरस्य भिषङ्मित्रं दानं मित्रं मरिष्यतः ।।

(क) प्रवासी का मित्र कौन है ?

(ख) भार्या कहाँ पर मित्र होती है ?

(ग) आतुर व्यक्ति का मित्र कौन होता है ?

(घ) 'दान' किसका मित्र होता है ?

9. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : *4*

(क) त्वमेव तावत्परिचिन्तय स्वयं,
कदाचिदेते यदि योगमर्हत: ।
वधूदुकूलं कलहंसलक्षणम्,
गजाजिनं शोणितबिन्दुवर्षि च ।।

(ख) तिस्रो रात्रीर्यदवात्सीर्गृहे मे
अनश्नन् ब्रह्मन्नतिथिर्नमस्य: ।
नमस्तेऽस्तु ब्रह्मन् स्वस्ति मेऽस्तु
तस्मात्प्रति त्रीन्वरान्वृणीष्व

(ग) लतेव विटपकानध्यारोहति । गङ्गेव
वसुजनन्यपि तरङ्गबुद्बुदचञ्चला ।
दिवसकरगतिरिव प्रकटित-विविध संक्रान्ति: ।
पातालगुहेव तमो बहुला ।

10. आयुर्वेदाचार्य चरक के विषय में संस्कृत भाषा में 10 वाक्य लिखें । *6*

अथवा

अपने अध्यापक को 2 दिन का अवकाश लेने के लिए संस्कृत में प्रार्थना-पत्र लिखिए ।